# श्रीराम के उद्घोष से गूंजा शहर, निकली शोभा यात्रा

## 12 फिट के हनुमान जी रहे आकर्षण का केन्द्र, पंचमठ में आज होगा सुन्दरकांड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं माँ बीहर गंगा आरती के दो साल पूरे होने के बाद राम दरबार ने उत्सव मनाते हुए शहर में 108 फिट लम्बी चुनरी यात्रा निकाली और शोभा यात्रा के साथ जय श्रीराम के नारे गूंजे. इस दौरान सनातनियों शंख की ध्वनि के साथ उत्साह मनाया.**

चुनरी यात्रा में 500 भगवा ध्वज लेकर भक्त और राम दरबार के सदस्य जयकारे लगाते हुए निकले. शोभा यात्रा का शुभारंभ शहर के विवेकानंद पार्क से किया गया. ढोल नगाड़े के साथ डीजे की धुन पर थिरकते हुऐ भक्त लोगों के लिए एक अलग ही अनुभूति करा रहे थे. इस पूरी शोभा यात्रा में 12 फिट के हनुमान जी आकर्षण का केद्र रहे.





साथ में भगवान राम की दिव्य झांकी लोगों के मन को मोह रही थी, शोभा यात्रा में बघ्घी पर सवार भगवान की सजीव झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी. शोभा यात्रा में साधू शंत भी रहे और भजन कीर्तन चलता रहा. सनातनी शहर में राम नाम से गूंजायमान करते हुए शिल्पी प्लाजा पहुचे जहां व्यापारी भक्त मंडल द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. यहां से शोभायात्रा घोड़ा चौराहा होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची जहां फल व्यापारी बधुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया. वहां से बाबा घाट होते हुए शोभा यात्रा पंचमठ धाम पहुंची. वहां भजन के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शाम को 6 बजे मां बीहर गंगा आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया. गुरूवार को दोपहर 12.30 बजे से सुंदरकांड के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा. श्रीराम दरबार परिवार ने माताओं ,बहनों,और भक्तों से बड़ी सं या में सनातनी वेशभूषा में पहुंचने की अपील की है.

साथ ही कहा है कि हम सब रीवा वासी मिलकर पूरे रीवा शहर को राम मय कर दें. इस दौरान जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, हितेद्रनाथ शर्मा, विद्यावारिध तिवारी, अरूण मिश्रा, डा.उत्तम द्विवेदी, कमल शुक्ला, प्रबोध मिश्रा, विजय तिवारी, बृजेश तिवारी, प्रमोद शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, सतीष सिंह, निर्णय शर्मा,संजय पांडेय, प्रदीप तिवारी, अखिलेश शुक्ला, पंकज शुक्ला, देवेद्र तिवारी, प्रकाश द्विवेदी, रमेश तिवारी, आदि मौजूद रहे.




# तालाबंदी के ड़र से एक ने जमा की राशि, दूसरी दुकान पर लगा ताला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम रीवा द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है. वसूली अभियान को तेज करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज जोन क्रमांक-02 अंतर्गत सिरमौर चौराहा तानसेन काम्पलेक्श में कार्यवाही के दौरान सुनील कुमार मिश्रा की दुकान का बकाया किराया राशि 270999 रू. न जमा किये जाने पर दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की गई. साथ ही दुकान क्र. 115 शिववती शर्मा द्वारा दुकान की बकाया किराये की राशि तत्काल मौके में चेक के माध्यम से जमा की गई. इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे. साथ ही नगर निगम की राजस्व टीम ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि न जमा करने वालो पर इसी तरह की तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी.

नगर निगम रीवा सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे समय पर अपना संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर नगर के विकास कार्यों में सहभागी बनें.

# अक्रियाशील 22 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, रीवा एवं मऊगंज जिले की अकार्यशील 22 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस जारी किया गया है.**

इस संबंध में उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि इन समितियों द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से कोई कार्य नहीं किया गया है. समितियों को परिसमापन में लाने के पूर्व समिति के पदाधिकारी समिति के संचालन के लिए 26 जनवरी तक कार्यालय में उपस्थित होकर नोटिस का जवाब दे सकते हैं. समय-सीमा समाप्त होने के बाद तथा नोटिस का संतोषजनक उत्तर न होने पर समितियों के परिसमापन की कार्यवाही की जाएगी. उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ता भण्डार सहकारी समिति की 8 अक्रियाशील समितियों को परिसमापन का नोटिस दिया गया है. इनमें जागृति प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित त्योंथर, गोल्डी प्राथमिक उपभोक्ता नईगढ़ी, इंदिरा महिला वार्ड क्रमांक 6 रीवा, नमिता महिला वार्ड क्रमांक 12, गांधी सहयोगी मऊगंज, सुशील प्राथमिक उपभोक्ता मऊगंज, साक्षी महिला प्राथमिक उपभोक्ता मऊगंज तथा सुदर्शन कुमारी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय प्राथमिक सहकारी भण्डार रीवा शामिल हैं. इसके साथ ही अन्य वर्ग की 14 अक्रियाशील सहकारी समितियों को भी परिसमापन का नोटिस दिया गया है. इनमें शारदा कालीन निर्माण उद्योग सहकारी समिति मर्यादित डिहिया, विविध सिलाई उद्योग मलियान टोला शामिल है.

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियाँ होंगी सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है.**

समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा. अपर कलेक्टर ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा



**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 21 जनवरी को नई दिल्ली से रात 10 .10 बजे ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 22 जनवरी को सुबह 6 .55 बजे सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन प्रयागराज पहुंचेंगे . उप मुख्यमंत्री प्रयागराज में सुबह 8 .30 बजे संगम तट पर गंगा स्नान करके 10 बजे लूकरगंज पहुंचकर डॉ केडी त्रिपाठी के निवास पर सौजन्य भेंट करेंगे . उप मुख्यमंत्री सुबह 10 .30 बजे प्रयागराज से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर एक बजे रीवा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा रीवा में रात्रि विश्राम करेंगे .

### नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आज

**रीवा,** स्वयंसेवी संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है . शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किरण सेवा संस्थान नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा . शिविर में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी . शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जाँच की जाएगी . रोगियों को नि :शुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित की जाएंगी . शिविर में सिकल सेल की भी जाँच की भी व्यवस्था की गई है . आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है .

### गणतंत्र दिवस का फाइनल रिहर्सल 24 को

**रीवा,** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को एसएएफ मैदान में परंपरागत ढंग से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा . समारोह का फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से एसएएफ मैदान में होगा . कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ फाइनल रिहर्सल में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं .

### निर्वाचन में तैनात वाहनों का किया जा रहा भुगतान

**रीवा,** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बड़ी संख्या में निजी वाहनों का अधिग्रहण किया गया था . अधिग्रहीत शेष वाहनों की राशि का भुगतान किया जा रहा है . उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने इस संबंध में बताया है कि जिन वाहनों का भुगतान नहीं हुआ है उनके मालिक अधिग्रहीत वाहन की जानकारी तथा बैंक खाता नम्बर की आईएफएस कोड सहित जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे लंबित राशि का भुगतान किया जा सके .



### बलिदान दिवस पर याद किये गए हेमू कालानी

**रीवा,** रीवा में भारतीय सिंधु सभा, मुख्य शाखा, युवा शाखा, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा एवं के तत्वाधान में हेमू कालाणी चौक स्थित हेमू कालानी प्रतिमा स्थल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया . आजादी आंदोलन में अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले हेमू कालानी का बलिदान दिवस शनिवार को मनाया गया . रीवा हेमू कालानी चौक में भी इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने हेमू कालानी के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए देश के प्रति समर्पित भाव से काम करने की शपथ ली . भारतीय सिंधु सभा रीवा शाखा ने प्रतिमा स्थल पर विशेष समारोह का आयोजन किया . इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी, शंकर साहनी नंदलाल कोटवानी कन्हैयालाल मंगलानी, प्रकाश तारानी अजय माधवानी अशोक मंजानी पप्पू, नन्दलाल कोटवानी जयराम गंगवानी, महामंत्री मदनचुंगवानी, विनोद पुरुषवाणी हेमन्त डाबरिया श्याम वाधवानी हासानन्द तनवानी श्रीचंद कोटवानी मौजूद रहे .



युवा कांग्रेस के नववर्ष मिलन समारोह में अजय सिंह राहुल व अन्य

# आप युवा कांग्रेस के वे सैनिक हैं जो सरकार को बदलने की क्षमता रखते हैं : सिंह

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन एवं नव वर्ष मिलन समारोह का कार्यक्रम मानस भवन, रीवा में सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया' उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा तथा रीवा के महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में युवा कांग्रेस रीवा के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चन्देल ने उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं युवा कांग्रेस के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया. मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सभी युवा कांग्रेस के वे सैनिक हैं, जो अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर किसी भी सरकार को बदलने की क्षमता रखते हैं. आप सभी को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करना है, जिससे कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत हो सके. विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को बूथ स्तर पर जाकर कार्य करना होगा, तभी कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनेगी. वहीं रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि वे न केवल रीवा नगर निगम बल्कि सम्पूर्ण रीवा जिले में युवा कांग्रेस के युवाओं के साथ सदैव खड़े रहेंगे. पूर्व विधायक श्रीमती शीला त्यागी, श्रीमती बबिता साकेत, प्रहलाद सिंह, मंजुल त्रिपाठी, शिव प्रसाद प्रधान, प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, जिला महासचिव शिवेन्द्र गुप्ता, शुभम कुशवाहा, नीरज यादव, शक्ति कुशवाहा, अमित मिश्रा, राघवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे.

# गिले शिकवे मिटाकर आपस में मिलजुल कर कांग्रेस को मजबूत करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया उर्रहट स्थित कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे पहुंचकर कांग्रेस जनों से सौजन्य भेंट की तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी.**



श्री सिंह ने कहा कि यह समय संघर्ष का है हम सब लोग अपने गिले शिकवे मिटाकर आपस मे मिलजुल कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें. इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री कविता पाण्डेय, प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक शीला त्यागी, सरदार प्रहलाद सिंह, शिव प्रसाद प्रधान, के के गुप्ता, प्रदीप सिंह पटना, गिरीश सिंह, बृजभूषण शुक्ला, चंद्रमणि शुक्ला, रमाशंकर सिंह पटेल, बबिता साकेत, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, लखनलाल खण्डेलवाल, मोहम्मद रफीक अंसारी, सत्यनारायण तिवारी, मुस्ताहाक खान, राजेन्द्र सिंह रिमारी, रवि तिवारी, नजमा बेगम मौजूद रही.

# सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए समिति गठित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.**

इस क्रम में जिले की प्रमुख सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए प्रत्येक अनुभाग में समिति गठित की गई है. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सड़कों पर पशुओं के भ्रमण के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं. इसे रोकने के लिए अनुभाग स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है. समिति में सदस्य के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सीएमओ नगर परिषद, तहसीलदार, पशु चिकित्सा अधिकारी, बीएमओ, बीईओ तथा स्थानीय समाजसेवियों को शामिल किया गया है.

# जिले में 4 लाख 18 हजार टन धान की हुई खरीद


**रीवा, 21 जनवरी,** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन का कार्य पूरा हो गया है. 20 जनवरी तक 64793 किसानों से 4 लाख 18 हजार 163 टन धान का उपार्जन किया गया. कुल 3 लाख 89 हजार 646 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से 4 लाख 17 हजार 777 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 96 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 87 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए गये है.

# पीटीएस रीवा में एडीजी प्रशिक्षण ने ली परेड की सलामी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ( प्रशिक्षण ) राजा बाबू सिंह दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में बुधवार चरमोत्कर्ष पर पहुंचा.**

इस अवसर पर 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने एडीजी के समक्ष शानदार परेड प्रस्तुत की. रक्षित घोष के कुशल नेतृत्व में आठ प्लाटूनों ने मंच के समक्ष कदमताल करते पूर्ण निष्ठा से



सलामी दी, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली रही. परेड की सलामी ग्रहण करने के बाद एडीजी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनके अनुशासन, समन्वय एवं उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की. उन्होंने पासिंग आउट परेड तक इसे और निखारने की शुभकामनाएँ दीं तथा एक आदर्श पुलिस अधिकारी बनने का प्रेरणादायी आह्वान किया. विशेषत: साइबर सुपर कॉप के रूप में भविष्य के डिजिटल अपराधों की रोकथाम एवं विवेचना हेतु गहन प्रशिक्षण, इंटेंस वर्कआउट से शारीरिक सुदृढ़ता, कबड्डी-खो-खो जैसे खेलों से चुस्ती-दुरुस्ती, तथा दैनिक ध्यान, योग, रामचरित मानस एवं गीता पाठ से आध्यात्मिक एवं नैतिक उत्थान की सलाह दी. पुलिस अधीक्षक एवं इंडोर-आउटडोर स्टाफ द्वारा प्रदान किए जा रहे उत्कृष्ट प्रशिक्षण की भी सराहना की. पुलिस अधीक्षक द्वारा एडीजी को भ्रमण कार्यक्रम की स्मृति शेष हेतु स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. तत्पश्चात एडीजी ने क्वार्टर गार्ड में सलामी उसका निरीक्षण किया तथा शास्त्र गार में विभिन्न शस्त्रों का निरीक्षण किया. परिसर में पीटीएस परिवार हेतु निर्मित ओपन जिम का शुभारंभ किया. इकाई मंदिर परिसर में इस्कॉन टेंपल द्वारा आयोजित भावपूर्ण कीर्तन में सहभागी होकर आध्यात्मिक ऊर्जा ग्रहण की तथा त्रिवेणी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

# परिवहन विभाग ने इंजीनियरिंग कॉलेज में लगाया लर्निंग लाइसेंस कैंप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, परिवहन विभाग द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में एक विशेष लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया.**

इस शिविर में कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को बिना परिवहन कार्यालय गए ही लर्निंग



लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का उपयोग, यातायात नियमों का पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन के नियमों की समझाइश दी गई. यह शिविर रीवा आरटीओ ने परिवहन सुरक्षा स्क्वाड तथा कार्यालीन स्टाफ के साथ संपन्न हुआ. शिविर में कार्यालय कॉलेज के प्राचार्य आर पी तिवारी, प्रोफ़ेसर नितिन शुक्ला और कालेज का अन्य स्टॉफ मौजूद रहा. अभियान का उद्देश्य युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है.

# रोजगार मेले में 340 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में एमपी बिरला आईटीआई रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 448 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 17 कंपनियों ने 340 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ईगल हाईटेक इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेट प्रा. लि. औरंगाबाद में 40, रिन्यू फोटोवॉल्टाई सीएस प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात में 14, सिटी कार प्रा. लि. सतना में 22 में युवाओं का चयन हुआ.